K26U 0882

Reg. No. : ....

Name : ....

Second Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc.(LRP)/B.M.C. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Supplementary) Examination, April 2026
(2020 to 2023 Admissions)
II Semester Integrated M.Sc. in Computer Science with Specialization in Artificial Intelligence and Machine Learning (Regular/Supplementary/ Improvement) Examination, April 2026
(2020 Admission Onwards)
ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
2A08 – 2HIN : साहित्य और प्रयोग (Sahitya aur Prayog)

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) प्रेमचन्द की कहानी 'परीक्षा' का परिचय कहानी के तत्वों के आधार पर प्रस्तुत कीजिए ।

2) 'यही सच है' कहानी का सारांश लिखिए ।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2×5=10)

3) अपने क्षेत्र में मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी के लिए एक पत्र लिखिए ।

4) मुंबई विश्वविद्यालय में एक प्राध्यापक का पद खाली है । एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

5) परीक्षा शुल्क भरने के लिए 1500 रुपये माँगते हुए पिताजी के नाम पर एक पत्र लिखिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×5=5)

6) सब्जी खरीदने आयी महिला और सब्जीवाले के बीच में वार्तालाप ।

7) अपने-अपने जीवन लक्ष्य के बारे में दो मित्रों के बीच में होनेवाले वार्तालाप तैयार कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में लिखिए । (4×1=4)

8) काल किसे कहते है ?

9) सकर्मक और अकर्मक क्रिया ।

10) विशेषण क्या है ?

11) कारक किसे कहते है ? सोदाहरण समझाइए ।

P.T.O.

Don Bosco Arts and Science College Angadikadavu, Kannur Library
library.donboscoarts.in

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5×1=5)

12) खिचडी पकाना

13) खून बहाना

14) गले डालना

15) रास्ते पर आना

16) जैसा राजा वैसी प्रजा ।

VI. किसी **एक** खण्ड का अग्रेज़ी या मलयालम में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

17) आप में से बहुत सारे अपनी खोजों और आविष्कारों के लिए याद किये जायेंगे, लेकिन विश्वविद्यालयों को प्रतिवर्ष ऐसे लोगों को, ऐसे समुदायों को प्रशिक्षित करना है । जो एक ऐसे स्वतन्त्र भारत का निर्माण कर सकें, जिसमें अभाव, गरीबी, अज्ञान और बीमारियाँ न हो । संवर्ग निर्माण के इस महान कार्य में अध्यापक को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । क्योंकि शिक्षा के मेहराब की वह आधारशिला है । पुस्तकों, पाठ्यक्रमों, मकानों और उपकरणों, प्रशासन इत्यादि से यदि अधिक नहीं तो अध्यापक इनसे कम महत्वपूर्ण भी नहीं है ।

18) साल का पहला दिन है । जो वर्षा कल तक था वह सदा के लिए चला गया । अब यह वापस नहीं आएगा । काल अनन्त है । समय का प्रवाह अजस्र है, निरन्तर है । पिछला साल बीत गया । अब नया साल चालू हुआ । लेकिन बीच में जोड दिखाई नहीं पडता है । जलधारा की तरह समय की धारा है । नदी बहकर अनन्त समुद्र में विलीन होती है, फिर भी बहती रहती है । साल समाप्त होकर अनन्त काल में विलीन हो गया और नया साल शुरू हो गया ।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

19) रक्षाबन्धन भाई-बहन के प्यार का प्रतीक त्योहार है । इस त्योहार पर बहनें अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी बाँधती है । यह भाइयों के प्रति बहनों के प्यार और उनकी खुशहाली की कामना की प्रतीक होती है । भाई अपनी बहन की हमेशा रक्षा करने का वचन देता है । राखी सामान्यत: सुनहरे, चमकीले और रेश्मी धागे से बनती है ।

1) इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए ।

2) सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए ।

3) विशेषण शब्द लिखिए ।

4) क्रिया शब्द लिखिए ।

Don Bosco Arts and Science College Library, Angadikadavu, Kannur
library.donbosco.ac.in